रणजीत टाइम्स
इंदौर
गुरुवार, 15 जनवरी, 2026
वर्ष 02 | अंक 16 कुल पृष्ठ : 8 | Digital
RNI-NO.MPHIN/2015/64585
प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

# 'सनातन धर्म को मिटाना आसान नहीं, यह अमर है', सोमनाथ मंदिर को लेकर अमित शाह का बड़ा बयान

दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि भारत के सनातन धर्म, संस्कृति और जनमानस की आस्था को मिटाना आसान नहीं है। उन्होंने सदियों से सोमनाथ मंदिर को नष्ट करने के बार-बार प्रयासों के बावजूद इसके पुनर्निर्माण का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि मंदिर पर हमला करने वाले अंततः गायब हो गए, लेकिन मंदिर आज भी गुजरात के गिर सोमनाथ जिले में समुद्र तट पर उसी स्थान पर शान से खड़ा है। वह गांधीनगर जिले के मानसा में 267 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद एक सभा को संबोधित कर रहे थे। शाह ने कहा कि 16 बार नष्ट होने के बावजूद सोमनाथ मंदिर आज भी शान से खड़ा है और उसका झंडा आसमान में लहरा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में वहां एक भव्य सोमनाथ कारिडोर का निर्माण भी किया जा रहा है। यह पूरी दुनिया को संदेश है कि भारत के सनातन धर्म, भारतीय संस्कृति और भारतीय जनता की आस्था को मिटाना इतना आसान नहीं है। यह सूर्य और चंद्रमा की तरह शाश्वत और अमर है। सोमनाथ मंदिर भारत की आस्था, विश्वास और गौरव का प्रतीक है।



### 'पूरे साल मनाया जाएगा सोमनाथ स्वाभिमान पर्व'

उन्होंने कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पूरे साल मनाया जाएगा। देशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। एक हजार साल पहले हमारे भव्य सोमनाथ मंदिर को महमूद गजनी ने नष्ट कर दिया था। इसके बाद अलाउद्दीन खिलजी, अहमद शाह, महमूद बेगड़ा और औरंगजेब जैसे अन्य आक्रमणकारियों ने इस पर बार-बार हमले किए। लेकिन मंदिर का हर बार पुनर्निर्माण हुआ। उन्होंने कहा कि विध्वंसक विनाश में विश्वास रखते थे, और निर्माता सृजन में। शाह ने कहा कि आजादी के बाद सरदार वल्लभभाई पटेल, जामनगर के महाराजा केएम मुंशी और देश के पहले राष्ट्रपति डा. राजेंद्र प्रसाद के प्रयासों से इस मंदिर का पुनर्निर्माण हुआ। इन सभी ने इसे पुनर्स्थापित करने का संकल्प लिया था। इस संकल्प के पीछे यह भावना थी कि सोमनाथ पर हमला केवल एक मंदिर पर हमला नहीं था, बल्कि यह हमारी आस्था, हमारे धर्म और आत्मसम्मान पर हमला था।

गांधीनगर में बायो सेफ्टी लैब-4 का शिलान्यास

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गांधीनगर में गुजरात सरकार की ओर से 362 करोड़ रुपये की लागत से बनाई जाने वाली बायो कंटेनमेंट सुविधा वाली अंतरराष्ट्रीय तकनीक से युक्त बायो सेफ्टी लैब-4 तथा एनिमल बायो सेफ्टी लेवल लैब का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि पुणे की लैब के बाद गांधीनगर स्थित बीएसएल-4 प्राणघातक वायरस की पहचान करने और पशुओं से मनुष्यों में फैलने वाले रोगों की रोकथाम में अहम भूमिका निभाएगी। अंतरराष्ट्रीय स्तर की तकनीक से युक्त यह लैब शोधकर्ता युवाओं के लिए भी नए अवसर खोलेगी। उन्होंने बताया कि 2014 में भारत में स्टार्टअप की संख्या 500 से कम थी, लेकिन आज ये दस हजार के पार हो गए हैं। इनक्युबेटर की संख्या छह से 95 तथा इनक्युबेशन स्पेस 60 हजार वर्गफीट से बढ़कर नौ लाख वर्गफीट हो गया है। जबकि इस क्षेत्र में निजी निवेश 10 करोड़ से बढ़कर 7000 करोड़ रुपये पहुंच गया है। पेटेंट फाइलिंग की संख्या 125 से बढ़कर 1300 से अधिक हो गई है। इससे पता चलता है कि भारत का युवा अब जॉब क्रिएटर बन रहा है।

# छत्तीसगढ़ के सिर्फ एक जिले में ही मनरेगा में 25 लाख रुपये के भ्रष्टाचार का सामने आया मामला

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) इन दिनों सियासी और प्रशासनिक चर्चाओं के केंद्र में है। केंद्र सरकार ने हाल ही में योजना का नाम बदलकर विकसित भारत–गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन–ग्रामीण (वीबी-जी राम जी) कर दिया है। इस बदलाव को लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। इसी बीच प्रदेश में मनरेगा की जमीनी हकीकत पर सवाल खड़े करने वाला मामला सामने आया है। प्रदेश के सिर्फ एक जिले कवर्धा से मनरेगा में करीब 25 लाख रुपये की भ्रष्टाचार का राजफाश हुआ है।

### इस तरह मामला हुआ उजागर

यह मामला तब उजागर हुआ, जब केंद्र सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष में मनरेगा कार्यों की वास्तविक स्थिति परखने के लिए देश के 25 राज्यों के 55 जिलों में औचक जांच कराई। इसमें प्रदेश से कवर्धा जिले को शामिल किया गया था। अधिकारियों के अनुसार, जल संसाधन विभाग से जुड़े कुल तीन प्रकरणों में 19.34 लाख रुपये की वित्तीय अनियमितता पाई गई। इनमें से नौ लाख, 52 हजार रुपये की राशि की वसूली की जा चुकी है, जबकि शेष राशि की वसूली की प्रक्रिया जारी है। वहीं, पंचायत स्तर पर कराए गए कार्यों में तीन लाख, 92 हजार रुपये की अनियमितता सामने आई, जिसकी पूरी राशि वसूल कर ली गई है। जानकारों का कहना है कि यदि प्रदेश के सभी जिलों में मनरेगा कार्यों का गहन ऑडिट कराया जाए, तो भ्रष्टाचार की वास्तविक तस्वीर इससे कहीं अधिक भयावह हो सकती है। अधिकारियों का दावा है कि विगत छह से आठ माह के मध्य राजनांदगांव और सरगुजा जिले में ऑडिट कराई गई है।

# प्रार्थना नाकाम नहीं होती, राहुल गांधी से मिलकर बोले शिवकुमार; कर्नाटक का CM बनना तय?

**कर्नाटक में मुख्यमंत्री बदलने की अटकलें तेज हो गई हैं। हाल ही में सीएम सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से छोटी मुलाकात की थी। इसके बाद शिवकुमार ने लिखा कि प्रार्थनाएं नाकाम नहीं होतीं। राहुल के साथ दोनों नेताओं की मुलाकात ऐसे समय पर हुई है, जब राज्य में मुख्यमंत्री पद को लेकर सिद्धारमैया और शिवकुमार के बीच तनातनी की खबरें हैं। हालांकि, दोनों ही नेता सार्वजनिक रूप से इससे इनकार करते रहे हैं।**

शिवकुमार ने कन्नड़ में पोस्ट किया है। हिंदी अनुवाद के अनुसार उन्होंने लिखा, 'भले ही कोशिश नाकाम हो जाए, लेकिन प्रार्थना नाकाम नहीं होती।' उनकी इस पोस्ट को कथित सीएम रेस से जोड़कर देखा जा रहा है। पीटीआई भाषा की रिपोर्ट के अनुसार, पार्टी सूत्र बताते हैं कि यह संक्षिप्त बातचीत उस समय हुई जब राहुल तमिलनाडु के नीलगिरी जिले के गुडालूर में एक



कार्यक्रम में शामिल होने के बाद मंडकल्ली हवाई अड्डे पर संपर्क उड़ान के लिए उतरे। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने सिद्धरमैया और शिवकुमार से अलग-अलग और फिर एकसाथ भी संक्षिप्त बातचीत की। दरअसल, गांधी मंगलवार को दो बार मैसूरु हवाई अड्डे से गुजरे पहली बार गुडालूर जाते समय और दूसरी बार वहां से लौटते हुए। दोनों ही मौकों पर सिद्धरमैया और शिवकुमार हवाई अड्डे पर मौजूद थे।

### क्या बात हुई

तीनों नेताओं के बीच हालांकि क्या बातचीत हुई, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन मुख्यमंत्री पद को लेकर सिद्धरमैया और शिवकुमार के बीच जारी खींचतान और संभावित मंत्रिमंडल फेरबदल की चर्चाओं को देखते हुए इन मुलाकातों को अहम यह संक्षिप्त बातचीत ऐसे समय हुई है जब सिद्धरमैया और शिवकुमार दोनों ही राहुल गांधी से औपचारिक मुलाकात की उम्मीद कर रहे हैं।

# इंदौरः वार्ड 47 में ठेकेदार की मनमानी, काम के बदले वसूली का आरोप; पार्षद ने लगाई फटकार

दीपक वाड़ेकर

इंदौर। नगर निगम झोन क्रमांक 9 के वार्ड क्रमांक 47 (दुबे साहब के बगीचे की गली नंबर 5) में विकास कार्यों के नाम पर भ्रष्टाचार और अवैध वसूली का मामला सामने आया है। स्थानीय रहवासियों ने ड्रेनेज और नर्मदा लाइन डाल रहे ठेकेदार शिव कुमार नागिया पर गंभीर आरोप लगाए हैं।





### वसूली और अव्यवस्था के मुख्य बिंदुः

नल कनेक्शन के नाम पर वसूलीः रहवासियों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा प्रति घर 3,000 रुपये की अवैध वसूली की गई। हद तो तब हो गई जब कनेक्शन के लिए लगने वाले प्लास्टिक पाइप के पैसे भी जनता से लिए गए, लेकिन इसकी कोई रसीद नहीं दी गई। पानी की सप्लाई में अनिश्चितताः कनेक्शन होने के बाद भी पानी आने का कोई तय समय नहीं है। निगम कर्मचारी अपनी मनमर्जी से वाल्व चालू करते हैं, जिससे कई परिवार पानी भरने से वंचित रह जाते हैं।

### घटिया निर्माण सामग्री

वर्तमान में डाले जा रहे ड्रेनेज लाइन और चेंबरों में घटिया मटेरियल के इस्तेमाल की शिकायत है। रहवासियों को डर है कि भविष्य में ये चेंबर जल्दी ही टूट जाएंगे। कनेक्शन के लिए 'रिश्वत' की मांगः घर की पर्सनल लाइन को मेन चेंबर से जोड़ने के लिए ठेकेदार द्वारा 1,000 से 3,000 रुपये की मांग की जा रही है। पैसे न देने पर रहवासियों के घरों का कनेक्शन काट दिया गया है, जिससे लोग गंदगी और ड्रेनेज की समस्या से जूझ रहे हैं।

पार्षद की कार्रवाईः रहवासियों के अनुसार, वार्ड पार्षद नंद किशोर पहाड़िया से कई बार शिकायत की गई थी, लेकिन शुरुआत में कोई सुनवाई नहीं हुई। जब मीडिया संवाददाता ने जनता की समस्या को लेकर पार्षद को मौके पर बुलाया, तब पार्षद ने जनता के बीच ही ठेकेदार शिव कुमार नागिया को फोन पर कड़ी फटकार लगाई और जल्द समाधान का आश्वासन दिया।

### मुख्यमंत्री से गुहार

क्षेत्र की जनता ने प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से निवेदन किया है कि इंदौर में ठेकेदारों और जिम्मेदार अधिकारियों की इस 'दादागिरी' पर लगाम कसी जाए। रहवासियों की मांग है कि भ्रष्टाचार करने वाले ठेकेदारों को तुरंत हटाया जाए और जनता को मूलभूत सुविधाएं बिना किसी अवैध वसूली के प्रदान की जाएं।

# चौकी रामनगर पुलिस ने रोटावेटर चोरी करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार ट्रेक्टर व रोटावेटर कीमती 487500/-रुपये का मशरुका बरामद



## मोटर सायकल की किस्त चुकाने के लिए आरोपी द्वारा चोरी किया गया रोटावेटर

खंडवा। फरियादी गोपालसिह पिता विश्वनाथसिह मौर्य जाति राजपूत निवासी जसवाडी ने थाना कोतवाली पर आकर रिपोर्ट किया कि राजपूत ढाबा के सामने कच्चे रास्ते पर उसका खेत है। उसमे खेती का सामान रखने का कच्चा मकान बना है। उसके सामने खेती का रोटावेटर कीमती 87500/- रूपये का रखा था, जिसे दिनांक 30.12.25 की रात्रि में कोई अज्ञात बदमाश चुरा कर ले गया। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली खण्डवा मे अपराध क्रमांक 34/2026 एंव धारा 303 (2) बीएनएस का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस अधीक्षक खंडवा श्री मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री राजेश रंघुवशी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री महेन्द्र तारणेकर (शहर) व नगर पुलिस अधीक्षक श्री अभिनव कुमार बांरगे के मार्गदर्शन में आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु थाना प्रभारी प्रवीण आर्य थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। चौकी प्रभारी रामनगर सउनि नन्दराम वासुरे द्वारा टीम की मदद से माल बरामदगी एवं आरोपी की पतारसी हेतु विश्वसनीय मुखबिर तैयार किये गये तथा तकनीकी साक्ष्य एवं सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर संदिग्ध अनिल पिता लाडका जाति बारेला निवासी आमडी थाना चैनपुर झिरन्या जिला खरगोन की तलाश पतारस्सी की गई, जो आरोपी अनिल घर पर मिला, जिससे पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया तथा बताया कि उसने एक पल्सर मोटर सायकिल किस्त पर ली थी, उसकी किस्त नहीं भर पा रहा था, इसलिए उसने ट्रेक्टर ले जाकर रोटावेटर की चोरी किया है। आरोपी से रोटावेटर कीमती 87500/- रुपये तथा चोरी में उपयोग ट्रेक्टर महेन्द्र कम्पनी कीमती 4,00,000/- रुपये कुल मशरुका 487500/- रुपये का जप्त किया गया एवं आरोपी को गिरफ्तार कर दिनांक 14.01 2026 को न्यायालय खंडवा पेश किया गया।सराहनीय भूमिका थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक प्रवीण आर्य खण्डवा, चौकी प्रभारी रामनगर सउनि नन्दराम वासुरे, प्रधान आरक्षक महेश राठोर, आरक्षक नितिन रघुवंशी, आरक्षक 214 अनिल पटेल, आरक्षक 725 विजय चौकी रामनगर थाना कोतवाली की सराहनीय भूमिका रही।

# छितीपुर नाले से अवैध रेत उत्खनन पर बड़ी कार्रवाई, एसडीएम ने जेसीबी व 100 ट्रॉली रेत की जब्त




दीपक परमार

करैरा : अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) करैरा अनुराग निंगवाल द्वारा रेत माफियाओं के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है इसी क्रम में आज दिनारा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छितीपुर नाले से अवैध रूप से रेत का उत्खनन करते हुए एक जेसीबी मशीन को मौके से जब्त की और कार्रवाई के दौरान नाले के पास लगभग 100 ट्रॉली अवैध रूप से भंडारित रेत भी जब्त की गई जब्त की गई








# रणजीत टाइम्स ने पूरे उत्साह और संकल्प के साथ मनाई 10वीं वर्षगांठ

इंदौर। रणजीत टाइम्स समाचार पत्र एवं न्यूज़ चैनल की 10वीं वर्षगांठ आज कार्यालय परिसर में पूरे उत्साह, गरिमा और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सह-संपादक, संवाददाता, रणजीत टाइम्स का समस्त स्टाफ एवं परिवारजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत श्री माताजी निर्मला देवी के पूजन-अर्चन, पुष्पार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इसके पश्चात मुख्य अतिथि श्रीमती गोदावरी गावंडे ने दीप प्रज्वलित कर माताजी को पुष्प अर्पित किए और कार्यक्रम को गरिमामय बनाया। इस अवसर पर उपस्थित सभी पत्रकार साथियों ने अपने-अपने अनुभव साझा किए। प्रधान संपादक गोपाल गावंडे ने सभी को संबोधित करते हुए संगठन का मूल मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि रणजीत टाइम्स का उद्देश्य केवल समाचार देना नहीं, बल्कि निष्पक्ष, पारदर्शी और जनहित से जुड़ी पत्रकारिता को निरंतर मजबूती प्रदान करना है।

कार्यक्रम में सर्वसम्मति से यह संकल्प लिया



गया कि वर्ष 2026 में विशेष सदस्यता अभियान चलाकर रणजीत टाइम्स को पूरे भारत में विस्तार दिया जाएगा। साथ ही राजनीति, अपराध और ड्रग्स जैसे गंभीर विषयों पर रणजीत टाइम्स का फोकस और अधिक सशक्त रूप से जारी रहेगा। वर्तमान में रणजीत टाइम्स से मध्य प्रदेश के लगभग प्रत्येक जिले में संवाददाता जुड़ चुके हैं। इसके अतिरिक्त राजस्थान, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली सहित विदेशों में सिंगापुर एवं दुबई में भी रणजीत टाइम्स के पत्रकार सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। संगठन का मिशन है कि हर जिले में कम से कम दो संवाददाता नियुक्त कर स्थानीय खबरों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाया जाए। 10वीं वर्षगांठ के अवसर पर सभी ने एक-दूसरे को शुभकामनाएँ दीं तथा उन सभी पाठकों का हृदय से आभार व्यक्त किया, जिनके निरंतर सहयोग और विश्वास से रणजीत टाइम्स आज इस मुकाम तक पहुँचा है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित रहेः मुख्य अतिथि श्रीमती गोदावरी गावंडे, प्रधान संपादक गोपाल गावंडे, सह-संपादक दीपक वाडेकर, आदित्य शर्मा, संभाग ब्यूरो (इंदौर) राजेश धाकड़, मध्य प्रदेश मार्केटिंग हेड सुनील खंडागले, रणजीत टाइम्स डेस्क इंचार्ज रेनू कैथवास, इंदौर जिला क्राइम रिपोर्टर चक्रवर्ती जी, संवाददाता विनोद, अजय मेटकर, पूजा शर्मा, प्रिया मैम, लीगल हेड विकास भारद्वाज (अधिवक्ता), अधिवक्ता दीपक सोनी, अमित श्रीवास्तव, अजय जी यादव, पीयूष जी भीटे, गौतम जी गोड सहित अनेक पत्रकार साथी एवं स्टाफ सदस्य।

## उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ, इंदौर के चुनाव 28 जनवरी को प्रस्तावित

इंदौर उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ, इंदौर के आगामी चुनावों को लेकर तैयारियां तेज़ हो गई हैं। संघ द्वारा चुनाव की तिथि 28 जनवरी निर्धारित की गई है। इसी क्रम में विभिन्न पदों के लिए नामांकन फार्मों का वितरण किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अध्यक्ष पद के लिए मनीष जैन,गौरव श्रीवास्तव, गोविंदपाल सिंह, मनीष यादव,सूरज शर्मा 5 फार्म, उपाध्यक्ष पद धर्मेंद्र साहू, भावना साहू, अभिषेक तुगनावत, मधुसूदन यादव के लिए 4 फार्म, सचिव पद के लिए मनीष गडकर, नीलेश मनोर 2 फार्म, सह-सचिव पद के लिए ज्ञानेंद्र शर्मा 1 फार्म, तथा कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए तेजस जैन, विजय गुलानी,



उत्कर्ष देसाई, आर्निक जैन, अमन मालवीय, बालकृष्ण रॉयल कुल 6 फार्म वितरित किए गए हैं। निर्वाचन समिति द्वारा चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं में उत्साह का माहौल है और विभिन्न पदों के संभावित उम्मीदवारों के बीच गतिविधियां तेज़ हो गई हैं। मुख्य चुनाव अधिकारी श्री मनोज द्विवेदी का कहना है कि यह चुनाव संगठन की नई कार्यकारिणी के गठन के साथ-साथ अधिवक्ताओं के हितों की दिशा भी तय करेगा।

## सार्वजनिक सूचना

सविनय में विनोद भारद्वाज निवासी तहसील लटेरी जिला विदिशा म.प्र. वर्तमान पता त्रिलोकपुरी कॉलोनी अशोकनगर जिला अशोकनगर सूचित करना चाहता कि मेरी धर्मपत्नि का नाम श्रीमति चंचल भारद्वाज (Smt.Chanchal Bharadwaj) से हटाकर श्रीमति चंचल (Smt.Chanchal) कर लिया है ये परिवर्तन दिनांक 15/01/2026 से प्रभावी होगा। इस परिवर्तन का कारण मेरे दस्तावेजों में सुधार किया जाना है।

**श्री विनोद भारद्वाज पत्नि श्रीमति चंचल**

**मोबाइल नम्बर 8349901297**

# इंदौर की पहचान उसकी संघर्षशील जनता

## अदम्य हौसलों और विकासशील सोच से हैः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए इंदौर को दी 800 करोड़ से अधिक की सौगात स्वच्छ जल अभियान के तहत अमृत 2.0 योजना की ऐतिहासिक परियोजना का किया भूमिपूजन

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इंदौर निरंतर प्रगति, विकास और नवाचार की दिशा में आगे बढ़ रहा है। आज इंदौर देश का सबसे तेज़ी से विकसित होने वाला शहर बन चुका है। विकास, स्वच्छता, उद्योग, व्यापार और सुशासन के क्षेत्र में इंदौर ने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है, जिस पर पूरे मध्यप्रदेश को गर्व है। इंदौर की पहचान उसकी संघर्षशील जनता, अदम्य हौसलों और विकासशील सोच से है। आज प्रदेश का हर जिला इंदौर जैसा बनना चाहता है। उन्होंने कहा कि कठिन समय में सरकार, नगर निगम और प्रशासन ने पूरी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ नागरिकों के साथ खड़े रहकर हरसंभव प्रयास किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर शहर की पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़, आधुनिक एवं दीर्घकालिक समाधान प्रदान करने की दिशा में स्वच्छ जल अभियान के अंतर्गत अमृत 2.0 इंदौर जलप्रदाय योजना (पैकेज–1) के तहत 800 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से प्रस्तावित बहुप्रतीक्षित जलप्रदाय परियोजना का विधिवत भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भागीरथपुरा क्षेत्र में घटित जल-जनित घटना ने सभी को पीड़ा पहुँचाई है। उन्होंने इस घटना में दिवंगत हुए नागरिकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए बाबा महाकाल से प्रार्थना की कि वे दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मकर संक्रांति केवल पर्व नहीं, बल्कि तिल-तिल करके आगे बढ़ने का संकल्प है। जैसे इस दिन से सूर्य उत्तरायण होता है और प्रकाश बढ़ता है, वैसे ही इंदौर निरंतर प्रगति, विकास और नवाचार की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने गर्व के साथ कहा कि आज इंदौर देश का सबसे तेज़ी से विकसित होने वाला शहर बन चुका है। विकास, स्वच्छता, उद्योग, व्यापार और सुशासन के क्षेत्र में इंदौर ने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है, जिस पर पूरे मध्यप्रदेश को गर्व है। आज प्रदेश का हर जिला इंदौर जैसा बनना चाहता है। उन्होंने कहा कि कठिन समय में सरकार, नगर निगम और प्रशासन ने पूरी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ नागरिकों के साथ खड़े रहकर हरसंभव प्रयास किए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आपदा के समय राजनीति करना इंदौर स्वीकार नहीं करेगा। सकारात्मक और रचनात्मक विपक्ष लोकतंत्र की शक्ति है, लेकिन पीड़ा पर राजनीति करना सर्वथा अनुचित है। नर्मदा जल परियोजनाओं पर बोलते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मालवा और निमाड़ क्षेत्र को नर्मदा जल से जोड़ने के लिए वर्षों संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने कहा कि सरदार सरोवर बांध को पूर्ण कर देश को जल सुरक्षा देने का श्रेय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को जाता है। इसके माध्यम से सिंचाई क्षमता में ऐतिहासिक वृद्धि हुई है। मध्यप्रदेश में आज 56 लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में सिंचाई संभव हो सकी है। उन्होंने नदी जोड़ो परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि पार्वती–कालीसिंध–चंबल परियोजना राजस्थान और मध्यप्रदेश के लिए वरदान सिद्ध होगी। केन–बेतवा नदी जोड़ो अभियान पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी का सपना था, जिसे आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में साकार किया गया है। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के माध्यम से प्रत्येक गांव और प्रत्येक शहर तक शुद्ध पेयजल पहुँचाना सरकार का संकल्प है। उन्होंने कहा कि इंदौर की पहचान उसकी संघर्षशील जनता, अदम्य हौसलों और विकासशील सोच से है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन और राज्य सरकार के पूर्ण सहयोग से इंदौर आत्मनिर्भर बनकर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इंदौर आगे बढ़ेगा, सरकार पूरी मजबूती से इंदौर के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्यक्रम के पूर्व जीवन दायिनी मां नर्मदा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजन-अर्चन किया। उन्होने सभागृह परिसर में संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर और स्वर कोकिला लता मंगेशकर की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन भी अर्पित किए।

नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इंदौर में नर्मदा के जल आंदोलन तथा नर्मदा के जल लाने की संघर्ष यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि यह इंदौर का ऐतिहासिक जनआंदोलन था। उन्होंने कहा कि नर्मदा जल परियोजना केवल एक योजना नहीं, बल्कि इंदौर की जनशक्ति और संकल्प का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यदि नर्मदा नहीं आती, तो इंदौर आज जिस रूप में है, वह कभी नहीं बन पाता। उन्होंने इंदौर की स्वच्छता पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि यहां की पहचान केवल विकास से नहीं, बल्कि नागरिकों की सहभागिता से बनी है। देर रात तक शहर की सफाई में जुटने वाले सफाई कर्मी इंदौर की असली ताकत हैं। इंदौर की स्वच्छता पर हम सबको गर्व है। उन्होंने कहा कि सुबह-सुबह घरों से कचरा गाड़ियों में स्वयं नागरिकों द्वारा कचरा डालना इंदौर की जनभागीदारी का जीवंत उदाहरण है। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि इंदौर नंबर वन था, इंदौर नंबर वन है और इंदौर नंबर वन रहेगा। नर्मदा, स्वच्छता और जनता के स्वाभिमान से बनी इंदौर की आन-बान-शान को कोई आंच नहीं आने दी जाएगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत का जो संकल्प लिया है, उसी संकल्प को मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में साकार रूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास कार्य तेज गति से संचालित हो रहे हैं और शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। यह विकास केवल अधोसंरचना तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, जल संसाधन और रोजगार के क्षेत्रों में भी नए आयाम स्थापित कर रहा है। महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने इंदौर के भविष्य की जल-आवश्यकताओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए 1100 करोड़ रुपये की योजना को दूरदृष्टि के साथ 2400 करोड़ रुपये तक विस्तार दिया। यह निर्णय आने वाले दशकों की जरूरतों को ध्यान में रखकर लिया गया है। आज की भूमिपूजित परियोजना केवल निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके अंतर्गत 10 वर्षों का संचालन एवं संधारण (O&M) भी शामिल है। इससे शहर को लंबे समय तक सुचारु, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित होगी। परियोजना पूर्ण होने पर इंदौर की वर्तमान एवं भविष्य की पेयजल आवश्यकताओं की प्रभावी पूर्ति संभव होगी। यह परियोजना इंदौर को स्वच्छ, पर्याप्त और भरोसेमंद पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगी। उन्होंने बताया कि परियोजना की प्रमुख विशेषताएँ जलूद एवं ग्राम भकलाय क्षेत्र में 1650 एम.एल.डी. क्षमता का नवीन इन्टेकवेल, 2235 एम.एम. व्यास की रॉ-वाटर एवं क्लीयर-वॉटर पम्पिंग मेन का निर्माण, निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु 11 के.व्ही., 33 के.व्ही. एवं 132 के.व्ही. विद्युत सब-स्टेशन, उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए 400 एम.एल.डी. क्षमता का आधुनिक जलशोधन संयंत्र तथा जल-दबाव संतुलन हेतु 12 एम.एल.डी. क्षमता का ब्रेक प्रेशर टैंक का निर्माण किया जाना है।

# ऐतिहासिक बाणगंगा मेला का सांसद ,विधायक द्वारा उद्घाटन



**प्रदीप सिंह बघेल**

मकर संक्रांति के अवसर पर बाणगंगा मैदान शहडोल में आयोजित होने वाले 7 दिवसीय बाणगंगा मेला उत्सव का शुभारंभ सांसद शहडोल संसदीय क्षेत्र श्रीमती हिमाद्री सिंह ने फीता काटकर एवं ध्वज फहराकर किया। इस अवसर पर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह, श्री जय सिंह मरावी, कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री रामजी श्रीवास्तव सहित अन्य जन प्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहें।

# मुख्यमंत्री डॉ यादव ने आमजन के साथ सुबह के समय चाय पी



**उज्जैन । मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने गुरुवार को भगवान बृहस्पति मंदिर में दर्शन करने के बाद पास के तेलीवाड़ा चौराहे पर शहर की पुरानी चाय की दुकान पर स्थानीय लोगों के साथ ठंड के दौरान चाय पी और चर्चा की। उन्होंने दुकान संचालक से उनका हालचाल पूछा, चाय पीने के बाद मुख्यमंत्री डॉ यादव ने चाय के पैसे दिए, दुकानदार द्वारा संकोच के कारण पैसे नहीं लेने पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ये तो लेना ही होंगे।**

# खूनी धागे ने इंदौर में फिर काटी गर्दन...

**राजेश धाकड़**

इंदौर। शहर में प्रतिबंध के बावजूद चाइनीज मांझे का खौफ थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला तीन इमली चौराहे का है, जहां चांदमारी का भट्टा निवासी बाइक सवार हेमराज सिसोदिया खूनी चाइनीज धागे की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। तेज धार वाले इस धागे ने अचानक गर्दन पर वार कर दिया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां



उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। चौंकाने वाली बात यह है कि लाख पुलिसिया सख्ती और प्रशासनिक आदेशों के बावजूद शहर के छत्रीपुरा थाना क्षेत्र सहित अन्य इलाकों से लगातार चाइनीज धागे से पतंगबाजी की शिकायतें सामने आ रही हैं। यह न केवल कानून की खुली अवहेलना है, बल्कि आम नागरिकों की जान के साथ सीधा खिलवाड़ भी है। सवाल यह उठता है कि प्रतिबंध के बावजूद आखिर यह खूनी धागा शहर में कैसे बिक और इस्तेमाल हो रहा है? क्या जिम्मेदार विभाग किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहे हैं? अब देखना होगा कि प्रशासन इस जानलेवा लापरवाही पर कब और कितनी सख्त कार्रवाई करता है।




## नमस्कार योग प्राणायाम का आयोजन संपन्न




**दीपक परमार**

करैरा सोमवार 12-जनवरी ,युवा दिवस एवं स्वामी विवेकानंद जयंती के शुभ अवसर पर शा० मांडल स्कूल( सांदीपनि )मे सूर्य नमस्कार योग प्राणायाम का आयोजन हुआ संपन्न आयोजन के अंतिम समय में स्कूल के बच्चों के साथ बच्चों की खुशी के लिए करैरा अनुविभागीय अधिकारी अनुराग निग्वाल जी द्वारा फोटो खिचावाऐ फोटो खिंचवाने को लेकर बच्चों में अपार खुशी दिखी ।

## अशोकनगर में सिख समाज की अहम बैठक, फिजूलखर्ची रोकने पर बनी सर्वसम्मति

**रवि वंशकार**

अशोकनगर। गुरुद्वारा साहिब अशोकनगर में आज सिख समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के सामाजिक एवं पारिवारिक कार्यक्रमों में बढ़ती फिजूलखर्ची को रोकने को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया। बैठक में समाज के वरिष्ठजनों, विभिन्न ग्रामीण व क्षेत्रीय गुरुद्वारों से आए प्रबंधकों तथा जिले की सर्व संगत ने भाग लिया। इस बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा के बाद सर्वसम्मति से महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिन्हें पूरे अशोकनगर जिले की सिख संगत के लिए अनिवार्य रूप से लागू किया जाएगा। बैठक में विशेष रूप से विवाह समारोहों में बढ़ते दिखावे और अनावश्यक खर्च पर चिंता जताई गई। समाज द्वारा यह निर्णय लिया गया कि विवाह के दौरान लड़की पक्ष की ओर से लड़के पक्ष को सोने की अंगूठी या किसी भी प्रकार के सोने के आभूषण उपहार स्वरूप नहीं दिए जाएंगे। समाज का मानना है कि इस परंपरा के चलते कई परिवारों पर आर्थिक दबाव पड़ता है, जिससे सामाजिक असमानता भी बढ़ती है।



इसके साथ ही शादी से जुड़े अन्य कार्यक्रमों जैसे हल्दी, मेहंदी एवं अन्य रस्में, जो आज के समय में अत्यधिक खर्चीली हो गई हैं, उन्हें सादगी के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में कहा गया कि विवाह का उद्देश्य दिखावा नहीं, बल्कि दो परिवारों का पवित्र संबंध होता है, जिसे सरलता और मर्यादा के साथ संपन्न किया जाना चाहिए। बैठक में गमी (शोक) के अवसरों पर भी फिजूलखर्ची रोकने पर जोर दिया गया। यह तय किया गया कि गमी के कार्यक्रमों में लंगर पूरी तरह गुरमत मर्यादा के अनुसार सादा ही रखा जाएगा, ताकि शोक के समय अनावश्यक खर्च और दिखावे से बचा जा सके। इसके अलावा आधुनिक समय में बढ़ते "प्रो-वेडिंग फोटो शूट" को भी समाज के मूल्यों के विरुद्ध मानते हुए उस पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया। समाज ने माना कि इस तरह के फोटो शूट सामाजिक प्रतिस्पर्धा और खर्च को अनावश्यक रूप से बढ़ाते हैं।

गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अशोकनगर के प्रधान सतपाल सिंह जी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में इस प्रकार के कठोर लेकिन आवश्यक निर्णय लेना आज की आवश्यकता बन गई थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो भी व्यक्ति या परिवार इन निर्णयों का पालन नहीं करेगा, उस पर जुर्माने का प्रावधान रखा गया है, जिसकी राशि नियमों के उल्लंघन के अनुसार 5100 से लेकर 1,00,000 तक होगी।

यह सभी निर्णय अशोकनगर जिले के विभिन्न गुरुद्वारों से आए प्रबंधकों और सर्व संगत की सहमति से लिए गए हैं और यह पूरे जिले की सिख संगत पर लागू होंगे। समाज ने आशा व्यक्त की कि इन फैसलों से सिख समाज में सादगी, समानता और सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिलेगा।

# 18 घंटे में महिला व दो बच्चों का अपहरण सुलझा, नरवर पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

ऋषि गोस्वामी

**शिवपुरी। नरवर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महिला व उसके दो मासूम बच्चों के अपहरण के मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने मात्र 18 घंटे के भीतर अपहृत महिला एवं दोनों बच्चों को सकुशल आरोपियों के कब्जे से मुक्त कराते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 13 जनवरी 2026 को फरियादी नरेन्द्र जाटव निवासी मुवारिकपुर, थाना नरवर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी 32 वर्षीय पत्नी व 5 एवं 7 वर्ष के दो बच्चों का आरोपी जगत सिंह जाटव, पदम सिंह जाटव एवं एक अन्य व्यक्ति द्वारा अपहरण कर लिया गया है। इस पर थाना नरवर में अपराध क्रमांक 07/26 धारा 137(2), 140(3), 3(5) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

अपहरण की घटना का वीडियो सोशल मीडिया



पर वायरल होने के बाद पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी करैरा आयुष जाखड़ तथा एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के निर्देशन में विशेष पुलिस टीमें गठित की गईं। पुलिस द्वारा घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई एवं मुखबिर एवं को सक्रिय किया गया। इसी दौरान सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी अपहृता महिला एवं बच्चों को ग्राम पाडरखेड़ा जंगीपुर स्थित तालाब के पास लेकर बैठे हुए हैं। सूचना मिलते ही थाना नरवर, गोपालपुर एवं बैराड की संयुक्त पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और अपहृतों को सकुशल मुक्त कराया। पुलिस ने आरोपी जगत सिंह जाटव निवासी निजामपुर मगरोनी, थाना नरवर एवं शिवकुमार गुर्जर निवासी भीकनपुर, फतेहाबाद (आगरा) को गिरफ्तार किया है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। गिरफ्तार आरोपियों को सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी नरवर निरीक्षक विनय यादव सहित नरवर, गोपालपुर एवं बैराड थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

## जिला स्तर पर हुआ विज्ञान, गणित, पर्यावरण एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शिनी का आयोजन




गोलू यादव

दिनांक को शा.उत्कृष्ट उ.मा.वि. पठार अशोकनगर में जिला स्तरीय विज्ञान, गणित, पर्यावरण एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शिनी का आयोजन किया गया जिसमें विकासखण्ड स्तर पर चयनित जिनमे 45 मॉडल, 7 सॉर्ट प्ले, 8 सोलो सांग, 7 सेमीनार से संबंधित प्रतिभागियों को आमंत्रित किया गया। जिसमें प्रतिभागियों द्वारा लाये गए मॉडल को चयन समिति द्वारा अंक दिये गए जिसमें अंको के आधार पर पोर्टल द्वारा राज्य स्तर पर चयन किया जावेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री राजेश जैन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अशोकनगर एवं सहायक संचालक सुश्री ऐनिस जैन, श्री महेन्द्र कुमार जैन एपीसी अकादमिक द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री अभिषेक चौधरी एपीसी द्वारा किया गया कार्यक्रम में अधिकारियों द्वारा सभी मॉडलों का निरीक्षण किया गया एवं बच्चों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। उक्त कार्यक्रम में श्री विनोद सिहारे, श्री जगमोहन सिंह यादव बीएसी, श्री धर्मेन्द्र झा बीएसी, श्री संदीप चौबे सीएसी, श्री दिलीप रघुवंशी सीएसी, श्री धर्मेन्द्र अरोरा, श्री कबूल सिंह धाकड़ सीएसी, श्री बलराम शर्मा शिक्षक सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे और बच्चों को प्रोत्साहित किया गया।

## आप न तो इन्हें मोहल्ले में स्मैक बेचने दें और न ही खरीदने वालों को आने दें: टीआई

**संदिग्ध लोगों के घर पहुंची पुलिस, पुलिस के पहुंचने से पहले भागे, चार लोगों पर की प्रतिबंधात्मक कार्रवाई**

दीपक परमार

शिवपुरी। कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को मनीयर क्षेत्र में स्मैक का कारोबार करने वाले संदिग्ध लोगों के घरों पर दबिश हुए चार लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। वहीं स्थानीय लोगों को स्मैक के दुष्परिणाम बताते हुए इस बात के लिए जागरूक किया कि, वह अपने आसपास न तो स्मैक बिकने दें और न ही स्मैक खरीदने वाले लोगों को यहां आने दें। अगर कोई मोहल्ले में स्मैक का क्रय विक्रय करता है तो उसकी जानकारी पुलिस को दें, ताकि आपका और अपने बच्चों का भविष्य सुरक्षित रह सके। जानकारी के अनुसार पिछले कुछ दिनों से लालमाटी और मनीयर क्षेत्र में सात-आठ लोगों द्वारा स्मैक बेचने की सूचना मिल रही थी। उक्त सूचना पर कोतवाली टीआई कृपाल सिंह राठौड़ मंगलवार को अपनी टीम के साथ लालमाटी और मनीयर क्षेत्र में पहुंचे। इस दौरान संदिग्धों के घर पर दबिश दी, चार संदिग्धों को पकड़ा। उनके पास स्मैक तो नहीं मिली, लेकिन पुलिस ने उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। इसके साथ ही टीआई कृपाल सिंह ने मोहल्ले में लोगों को बताया कि यह लोग आपके मोहल्ले में स्मैक बेचते हैं, जिन्हें खरीदने के लिए नशे के आदी युवक आपके मोहल्ले में आते हैं। ये लोग यही पर बैठकर स्मैक



का नशा करते हैं, इंजेक्शन लगाते हैं। जरा सोचो, इसका आपके बच्चों पर क्या असर होगा? आपके घरों में रहने वाली बहन, बेटियां तक इनसे सुरक्षित नहीं रह पाएंगी, क्योंकि नशे की हालत में यह कुछ भी कर सकते हैं। ऐसे हालात आपके मोहल्ले में उत्पन्न न हों इसके लिए पूरे मोहल्ले के लोग यह प्रण ले लो कि, मोहल्ले में इन्हें न तो स्मैक बेचने देंगे और न ही किसी को स्मैक खरीदने के लिए आने देंगे। अगर कोई मोहल्ले में स्मैक बेचे या खरीदने आए तो उसकी सूचना पुलिस को जरूर दें, क्योंकि स्मैक आपके शहर के लिए जहर बन चुकी है। यह आपकी युवा पीढ़ी मो निगल रही है। अगर समाज स्मैक का कारोबार करने वाले लोगों को नहीं रहने देगा तो इस कारोबार में काफी हद तक कमी आ सकती है।

# शिवपुरी में होगा ऐतिहासिक धार्मिक महाआयोजन, श्री देवकीनंदन ठाकुर जी के श्रीमुख से होगी श्रीमद् भागवत कथा

शिवपुरी (मध्य प्रदेश)। श्री खेड़ापति सरकार के पावन आशीर्वाद से शिवपुरी में एक भव्य एवं ऐतिहासिक धार्मिक महाआयोजन होने जा रहा है। यह आयोजन श्री खेड़ापति दरबार के तत्वावधान में "गुड़ी पड़वा महा महोत्सव" के अंतर्गत आयोजित किया जाएगा, जिसमें देश-विदेश से श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। दरबार से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह महा महोत्सव 18 मार्च से 26 मार्च 2026 तक नर्सरी ग्राउंड, हवाई पट्टी, शिवपुरी में आयोजित होगा। इस दौरान सुप्रसिद्ध कथावाचक श्री देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज के श्रीमुख से श्रीमद् भागवत कथा का दिव्य रसपान भक्तों को प्राप्त होगा।

गुड़ी पड़वा पर हिंदू नववर्ष का भव्य उत्सव

विक्रम संवत 2083 के हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में यह महोत्सव बड़े ही धूमधाम और धार्मिक उल्लास के साथ मनाया जाएगा। श्री खेड़ापति दरबार द्वारा सभी श्रद्धालुओं को सार्वजनिक रूप से आमंत्रित किया गया है।

11 मार्च को निकलेगी जागरूकता पदयात्रा

महा आयोजन के प्रचार-प्रसार एवं जनजागरूकता हेतु 11 मार्च 2026 को एक विशाल जागरूकता पदयात्रा निकाली जाएगी, जो बलारी माता मंदिर से प्रातः 8 बजे प्रारंभ होकर महायज्ञ स्थल तक पहुंचेगी। इसमें ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के श्रद्धालुओं से सहभागिता की अपील की गई है। सहस्त्र चंडी महायज्ञ का आयोजन



चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर 19 मार्च से 26 मार्च 2026 तक सहस्त्र चंडी महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान प्रतिदिन महामाया भगवती के दुर्गा सप्तशती के 700 सिद्ध मंत्रों की विधिवत आहुतियां दी जाएंगी। प्रतिदिन भजन संध्या महा आयोजन स्थल पर प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से 11 बजे तक भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें देश के प्रसिद्ध भजन गायक अपनी प्रस्तुतियां देंगे और शिवपुरी की पावन धरा को भक्तिरस से सराबोर करेंगे।

26 मार्च को होगा कन्या विवाह

महोत्सव के अंतिम दिन 26 मार्च 2026 को एक सराहनीय सामाजिक पहल के अंतर्गत मातृ-पितृ हीन, गरीब एवं असहाय कन्याओं का सामूहिक विवाह श्री खेड़ापति दरबार द्वारा विधि-विधान से संपन्न कराया जाएगा। विद्वानों द्वारा भागवत कथा पाठ काशी एवं वृंदावन से पधारे प्रख्यात विद्वानों द्वारा प्रतिदिन श्रीमद् भागवत कथा का मूल पाठ भी किया जाएगा, जिससे भक्तों को शास्त्रीय ज्ञान का लाभ प्राप्त होगा। श्री खेड़ापति दरबार ने बताया कि आयोजन को और अधिक भव्य स्वरूप दिया जा रहा है। यजमान बनने के इच्छुक भक्त दरबार में संपर्क कर सकते हैं।


# जन्मदिन की अग्रिम शुभ सूचना

"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा! अपने जज़बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"

रणजीत टाइम्स


# अतिक्रमण पर कार्यवाही शिवपुरी कलेक्टर करैरा



नरवर तहसीलदार संतोष धाकड की अतिक्रमण पर कार्यवाही शिवपुरी कलेक्टर करैरा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के निर्देशों के चलते नरवर तहसील के ग्राम तुर्कनी में मौजूद शासकीय भूमि लगभग 80 बीघा जिस पर भूमाफिया के द्वारा अवैध कब्जा कर सरसों एवं गेहूं की फसल बोई गई थी। वहीं मौके पर पहुंच कर शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने तहसीलदार नरवर संतोष धाकड़ और राजस्व आमले के साथ भूमि पर ट्रैक्टर चलवा कर कार्यवाही को अंजाम दिया ईस कार्यवाही में चौकी प्रभारी चेतन शर्मा, राजस्व निरीक्षक डी आर काकोड़िया, पटवारी विनीत भारद्वाज, उमेश शाक्य, अखिलेश जाटव, ग्राम पंचायत सचिव लोकेंद्र रावत एवं कोटवार उपस्थित रहे। उक्त कार्यवाही राजस्व एवं पुलिस अमले की उपस्थिति में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न की गई।


दैनिक रणजीत टाइम्स

जिला एवं तहसील स्तर पर एजेंसी देना है

अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।
सम्पर्क करें
8224951278 :: 9827068888


# डाक महिला संगठन इन्दौर द्वारा मकर संक्राति पर जरूरतमन्द बच्चों को सुबह भोजन खिलाकर तिल लड्डू/गजक एवं स्टेशनरी सामग्री भेंट की गयी

मकर संक्राति पर्व पर तिल एवं दान का महत्व होने से डाक महिला संगठन इन्दौर द्वारा इस वर्ष जरूरतमन्द बच्चों के साथ अलसुबह पर्व मनाने का निर्णय लिया गया। डाक महिला संगठन इन्दौर द्वारा समय-समय पर सामाजिक कार्य किये जाते है| जिसमें प्रतिवर्ष मकर संक्रान्ति पर जरूरतमन्द बुजुर्ग एवं बच्चों को खाद्य साम्रगी| आवश्यक सामग्री का वितरण भी किया जाता है। 14-01-2026 को डाक महिला संगठन के सदस्यों द्वारा श्रीमती प्रीती अग्रवाल, पोस्टमास्टर जनरल इन्दौर परिक्षेत्र (संगठन अध्यक्ष) के नेतृत्व में लक्ष्मीबाई नगर अनाज मण्डी क्षेत्र बस्ती के बच्चों को सुबह ताजा पौष्टिक भोजन करवाया गया एवं तिल लड्डू, गजक वितरित किये गये। बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए बच्चों को स्टेशनरी सामग्री भी वितरित की गयी। संगठन के सदस्यों द्वारा मकर संक्राति के पर्व को बच्चों के साथ मनाकर अपने दिन की शुरूआत की गयी ।

# 'काली माता का रूप' हैं सेना की महिलाएं





जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मंगलवार को कहा कि भारतीय सेना में महिला कर्मी देवी काली की तरह योद्धाओं का रूप धारण करती हैं। युद्धक भूमिकाओं में अधिक महिलाओं की भर्ती के बारे में बोलते हुए, सेना प्रमुख ने उन्हें "काली माता का रूप" कहकर संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सेना में बड़ी संख्या में महिला अधिकारी और अब अन्य रैंक की महिलाएं भी हैं।

और पिछले साल तोपखाना विंग को महिला अधिकारियों के लिए खोलने का निर्णय लिया गया था। लेकिन भारत एक ऐसा देश है जहां अभी भी केवल लड़कियों के लिए स्कूल और कॉलेज हैं, और सामाजिक स्वीकृति के लिए यह महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, "अगर समाज इसे स्वीकार करने को तैयार है," तो निश्चित रूप से सेना आगे बढ़ेगी। लेकिन यह चरणबद्ध तरीके से होना चाहिएः पहले, समाज में स्पष्ट स्वीकृति, और फिर, इन्फैंट्री और स्पेशल फोर्स जैसे बाकी क्षेत्रों में महिलाओं को शामिल किया जाए। सेना प्रमुख ने स्पष्ट किया कि वे सेना में "लैंगिक तटस्थता" (जेंडर न्यूट्रैलिटी) यानी महिला-पुरुष समानता के पक्षधर हैं।

### पनडुब्बियों में भी महिला अधिकारियों की होगी भर्ती

जनरल ने कहा, वर्तमान में भारतीय वायु सेना (IAF) में महिला फाइटर पायलट हैं। नौसेना में भी पनडुब्बियों को छोड़कर हर क्षेत्र में बड़ी संख्या में महिला अधिकारी हैं, और पनडुब्बियों में भी महिला पनडुब्बी चालकों को शामिल करने का सैद्धांतिक निर्णय लिया जा चुका है। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा, सशस्त्र बलों में महिलाओं की बढ़ती उपस्थिति, हो रहे बदलावों का मात्र एक हिस्सा है। सशस्त्र बल रॉकेट और मिसाइल फोर्स बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं, भविष्य में विभिन्न कार्यों के लिए संभवतः एक लाख ड्रोन की तैनाती की योजना बनाई जा रही है।

### ड्रोन भविष्य हैं- सेना प्रमुख

सेना प्रमुख ने पत्रकारों को बताया कि एकीकृत युद्ध समूह यानी इंटीग्रेटेड बैटल ग्रुप बनाए जाएंगे, और बटालियन या ब्रिगेड स्तर पर विशेष यूनिट्स भी बनाई जाएंगी, न केवल पैदल सेना (इन्फैंट्री) में, बल्कि तोपखाने में और बाद में बख्तरबंद कोर और मशीनीकृत इन्फैंट्री में भी। रॉकेट और मिसाइल फोर्स पर गंभीर चर्चा चल रही है, और यह देखना बाकी है कि क्या यह रक्षा प्रमुख के अधीन एक अलग फोर्स होगी।ड्रोन भविष्य हैं और इनका उपयोग कई उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है, जिनमें हमले, निगरानी और माल ढोना शामिल हैं। इसी प्रकार, स्वदेशी रूप से निर्मित हल्के टैंक जोरावर का पहाड़ों में परीक्षण हो चुका है और अब रेगिस्तान में इसके प्रदर्शन का परीक्षण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि परीक्षण के बाद, सामने आने वाली कमियों को दूर करने के लिए इसमें कुछ छोटे-मोटे बदलाव किए जा सकते हैं।

### सेना को AI की जरूरत

नई तकनीक एक और प्रमुख मुद्दा है। सेना प्रमुख ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) का जिक्र करते हुए कहा कि सेना को "हर जगह AI की जरूरत है।"

## जब दुनिया 2025 में आतंकवाद और अस्थिरता से जूझ रही थी, तब मोदी जी के सशक्त नेतृत्व में भारत ने निर्णायक कार्रवाई कर नए भारत का स्पष्ट संदेश दिया



22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में पाकिस्तान-प्रायोजित आतंक ने देश को झकझोरा, लेकिन जवाब सिर्फ शोक तक सीमित नहीं रहा। 7 मई की आधी रात, भारतीय सशस्त्र बलों ने Operation Sindoor के तहत मात्र 22 मिनट में पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकाने तबाह कर 100+ आतंकियों का सफाया किया। देश के भीतर भी वामपंथी उग्रवाद पर करारा प्रहार जारी है। 2014 में 126 नक्सल प्रभावित जिले थे, जो आज घटकर सिर्फ 11 रह गए हैं। वहीं सबसे अधिक नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या भी 36 से घटकर केवल 3 रह गई है। 2025 में 317 खूंखार नक्सलियों को मारा गया, 800 से अधिक गिरफ्तार हुए और करीब 2,000 ने मोदी सरकार की सख्त नीतियों के सामने घुटने टेक दिए। जहां कभी बंदूकें बोलती थीं, वहां अब विकास की आवाज गूंज रही है। यही है निर्णायक नेतृत्व, यही है नया भारत।

# हम बिकाऊ नहीं हैं, अमेरिका का हिस्सा नहीं बनेंगे'

## ग्रीनलैंड के PM ने ट्रंप को दिया करारा जवाब

ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेंस-फ्रेडरिक नील्सन ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को साफ शब्दों में जवाब दिया है कि ग्रीनलैंड न तो बिकाऊ है और न ही वह अमेरिका का हिस्सा बनना चाहता है। उन्होंने कहा कि ग्रीनलैंड डेनमार्क के साम्राज्य का हिस्सा है और वह NATO गठबंधन पर पूरा भरोसा करता है। ट्रंप कई बार यह कह चुके हैं कि अमेरिका ग्रीनलैंड को खरीद सकता है या उसे अपने नियंत्रण में ले सकता है। इसी पर सख्त प्रतिक्रिया देते हुए नील्सन ने कहा, "ग्रीनलैंड अमेरिका का हिस्सा नहीं बनेगा। हम बिकाऊ नहीं हैं और न ही किसी देश द्वारा खरीदे या कब्जे में लिए जा सकते हैं।"

### "हम अमेरिकी या डेनिश नहीं, ग्रीनलैंडर हैं"

ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री के साथ वहां के दूसरे राजनीतिक दलों के नेताओं ने भी एक संयुक्त बयान जारी किया। इसमें कहा गयाः "हम अमेरिकी नहीं बनना चाहते, हम डेनिश भी नहीं बनना चाहते, हम ग्रीनलैंडर बनना चाहते हैं। ग्रीनलैंड का भविष्य सिर्फ ग्रीनलैंड के लोग तय करेंगे।" इस बयान से साफ है कि ग्रीनलैंड अपनी पहचान, जमीन और फैसलों पर पूरा अधिकार चाहता है।





### डेनमार्क की PM ने भी ट्रंप को चेताया

डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेट्टे फ्रेडरिक्सन ने भी ट्रंप के बयान को बेहद गंभीर बताया। उन्होंने कहा कि अमेरिका द्वारा ग्रीनलैंड को लेकर बढ़ता दबाव एक खतरनाक स्थिति है। उन्होंने चेतावनी दीः "अगर अमेरिका ग्रीनलैंड पर हमला करता है या जबरन कब्जा करने की कोशिश करता है, तो इससे NATO गठबंधन टूट सकता है।" उन्होंने यूरोपीय देशों से अपील की कि वे अंतरराष्ट्रीय कानून और लोगों के आत्मनिर्णय के अधिकार के साथ मजबूती से खड़े रहें।

### ट्रंप ग्रीनलैंड क्यों चाहता है?

डोनाल्ड ट्रंप ने हाल में कहा था कि ग्रीनलैंड अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है। उन्होंने यहां तक कहा कि अमेरिका इसे "आसान या कठिन तरीके से" हासिल कर सकता है। ट्रंप के मुताबिक ग्रीनलैंड की भौगोलिक स्थिति बेहद अहम है वहां कीमती खनिज संसाधन हैं।आर्कटिक इलाके में रूस और चीन की मौजूदगी बढ़ रही है। इसी वजह से अमेरिका ग्रीनलैंड को अपने नियंत्रण में देखना चाहता है।